कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री भजनलाल पुत्र श्री किशनलाल योगी निवासी बावडी खेडा पोस्ट हिगोटा तहसील मण्डावर जिला दौसा 303315।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 10/2021

निर्णय

दिनांक : 30.03.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई जिला दौसा को सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त होने पर प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल अपूर्ण व अधूरी प्राप्त हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/494 दिनांक 01.03.2021 स्मरण पत्रांक डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/958 दिनांक 16.03.2021 एवं पत्रांक 1032 दिनांक 25.03.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः आरटीआई/2021/603 दिनांक 24.03..2021 द्वारा अवगत करवाया की आवेदक द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय एवं विभाग से संबंधित नही होने के कारण मूल आवेदन पत्र मय पोस्टल ऑर्डर पत्रांक 122 दिनांक 21.01.2021 के साथ विकास अधिकारी पंचायत समिति बांदीकुई का स्थानान्तरण किया जाकर आवेदक द्वारा चाही गई सूचना नियमानुसार उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जा चुका है तथा उक्त बाबत रिकार्ड एवं सूचना इस कार्यालय मे उपलब्ध नही अवगत करवाया हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा